This Question Paper contains 4 printed pages. **09H (A)**

# HINDI

**(Second Language)**

(Parts A and B)

**Time : 2 Hours, 45 Minutes** **Maximum Marks : 80**

**सूचनाएँ :**

1. प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।
2. भाग A के लिए 2 घंटे निर्धारित हैं ।
3. भाग A के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

---

## भाग - A

**समय : 2 घंटे** **कुल अंक : 60**

**I.** प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । प्रत्येक उपभाग **(1, 2, 3, 4)** के लिए पाँच अंक निर्धारित हैं ।

**1)** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । **5 x 1 = 5**

सहसा ईदगाह नजर आयी और उसी के पास ईद का मेला । नमाज़ पूरी होते ही सब बच्चे मिठाई और खिलौनों की दुकानों पर धावा बोल देते हैं । हामिद दूर खड़ा है । उसके पास केवल तीन पैसे हैं । मोहसिन भिश्ती खरीदता है, महमूद सिपाही, नूरे वकील और सम्मी धोबिन । हामिद खिलौनों को ललचाई आँखों से देखता है ।

**प्रश्न :**

1. हामिद अपने मित्रों के साथ कहाँ गया ?
2. नमाज़ पूरी होते ही बच्चे कहाँ गये?
3. हामिद के पास कितने पैसे थे?
4. इस गद्यांश में मुहावरा पहचानिए ।
5. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

2) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **5 x 1 = 5**

आन्ध्र प्रदेश भारत का धान्यागार माना जाता है। अनेक प्रकार की फसलें आन्ध्र प्रदेश में होती हैं। पर धान यहाँ की मुख्य फसल है। आन्ध्र के लोगों का मुख्य आहार चावल है। यहाँ गोदावरी, कृष्णा, तुंगभद्रा, पेन्ना आदि नदियाँ बहती हैं। धान के बाद उल्लेखनीय फसल गन्ने की है। पूर्व गोदावरी, चित्तूर जिलों में गन्ना ज्यादा पैदा किया जाता है।

प्रश्न :

1. भारत का धान्यागार किसे माना जाता है? [ ]
   (A) केरल (B) तमिलनाडु (C) गुजरात (D) आन्ध्र प्रदेश
2. आन्ध्र प्रदेश के लोगों का मुख्य आहार क्या है? [ ]
   (A) चावल (B) गन्ना (C) अरहर (D) गेहूँ
3. इस गद्यांश में कितनी नदियों का उल्लेख किया गया है? [ ]
   (A) तीन (B) चार (C) पाँच (D) दो
4. धान के बाद आन्ध्र में मुख्य फसल क्या है? [ ]
   (A) तिलहन (B) उडद (C) गन्ना (D) मूँग
5. 'ज्यादा' इस शब्द का विलोम शब्द क्या है? [ ]
   (A) अधिक (B) तीव्र (C) मंद (D) कम

3) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **5 x 1 = 5**

पकड़ वारि की धार झूलता है मेरा मन,
आओ रे सब मुझे घेर कर गाओ सावन।
इंद्रधनुष के झूले में झूले मिल सब जन,
फिर-फिर आये जीवन में सावन मन भावन॥

प्रश्न :

1. कवि किसकी धार पकड़ना चाहता है?
2. कवि ने किस ऋतु का वर्णन किया है?
3. कवि किस झूले में झूलने को कहते हैं?
4. कवि किसको बार-बार आने को कहते हैं?
5. इस पद्यांश के कवि कौन हैं?

4) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए । 5 x 1 = 5

चाह नहीं, मैं सुरबाला के गहनों में गूथा जाऊँ ।
चाह नहीं, प्रेमी माला में बिंध प्यारी को ललचाऊँ ।।
चाह नहीं, सम्राटों के शव पर हे हरि, डाला जाऊँ ।
चाह नहीं, देवों के सिर पर चढ़ूँ, भाग्य पर इठलाऊँ ।।

**प्रश्न :**

1. फूल किसका गहना बनना नहीं चाहता? [ ]
   (A) प्रेमी (B) सुरबाला (C) त्यागी (D) नर्तकी
2. माला बनकर फूल किसे ललचाना नहीं चाहता? [ ]
   (A) वीर (B) नर्तकी (C) सुरबाला (D) प्यारी
3. फूल किनके शव पर डलना नहीं चाहता? [ ]
   (A) कन्या (B) सम्राट (C) यति (D) भोगी
4. वह किस के सिर पर चढना पसंद नहीं करता? [ ]
   (A) देव (B) मानव (C) यक्ष (D) गंधर्व
5. 'इठलाना' इस शब्द का अर्थ क्या है? [ ]
   (A) जप करना । (B) पूजा करना । (C) गर्व करना । (D) उपासना करना ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन पंक्तियों में लिखिए । 6 x 3 = 18

5. प्रकृति वर्णन में बेज़ोड कवि सुमित्रानंदन पंतजी का परिचय दीजिए ।
6. रैदास ने ईश्वर की तुलना किनसे की है?
7. भागमती गोदावरी की सुंदरता पर तीन वाक्य लिखिए ।
8. अब्दुल कलाम जी के अनुसार एक छात्र में किन-किन गुणों का होना जरुरी हैं?
9. प्रार्थना करनेवाले होठों से कहीं अच्छे सहायता करनेवाले हाथ है । पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।
10. राजू के प्रति नये स्कूल के साथियों का व्यवहार कैसा था?

III. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर छ: या आठ पंक्तियों में लिखिए । 1 x 6 = 6

11. रहीम और बिहारी के दोहे नैतिक मूल्यों के विकास में सहायक हैं । स्पष्ट कीजिए ।

12. भारत की संस्कृति सारे विश्व को लुभाती है । इस कथन पर व्याख्या कीजिए ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर छ: या आठ पंक्तियों में लिखिए । 1 x 6 = 6

13. ग्रामीण जनता के मनोरंजन का साधन लोकगीत है । इस पर अपने विचार बताइए ।

14. स्वतंत्रता आन्दोलन की नींव रखने में झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई सफल हुई – इस पर व्याख्या कीजिए ।

V. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । 1 x 5 = 5

15. अपनी पाठशाला में मनाये गये 'वनम्–मनम्' कार्यक्रम का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

16. विश्व पुस्तक प्रदर्शनी में जाने के लिए दो दिन की अनुमति माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

VI. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर निबंध लिखिए । 1 x 5 = 5

17. 'मानव जीवन में जल का महत्वपूर्ण स्थान है' – इस विषय पर निबंध लिखिए ।

18. 'पुस्तकें ज्ञान के भंडार हैं' – इस विषय पर निबंध लिखिए ।

This Question Paper contains 4 printed pages.

**09H (B)**

# HINDI

**(Second Language)**

(Parts A and B)

**Time : 2 Hours, 45 Minutes** **Maximum Marks : 80**

**भाग - B**

**समय : 30 मिनट** **कुल अंक : 20**

**सूचनाएँ :** 1. भाग **B** के लिए ½ घण्टे का समय निर्धारित है ।

2. भाग **B** के प्रश्नों के उत्तर प्रश्न–पत्रिका पर ही लिखिए ।

3. भाग **B** के प्रश्न पत्रिका को भाग **A** के उत्तर पुस्तिका के साथ जोडिए ।

**विशेष सूचनाएँ :**

1. सभी प्रश्नों के लिए **समान** अंक निर्धारित हैं ।
2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये हुये कोष्ठक में ही लिखिए ।
3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे ।

**I.** प्रश्नक्रमांक **1** से **20** तक के उचित उत्तर का 'कैपिटल अक्षर' सामने दिये हुए कोष्टक में लिखिए ।

**20 x 1 = 20**

**1.** अखंड गोदावरी का विशाल <u>पाट</u> सुंदर है ।

रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानकर लिखिए । [ ]

(A) टापू (B) कलगी

(C) किनारा (D) बालू

**2.** श्रीखंड मिठाई बहुत <u>बढ़िया</u> है ।

रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए । [ ]

(A) स्वादिष्ट (B) घटिया

(C) छोटिया (D) मधुर

3. पूजा के लिए <u>सौ</u> कमल पुष्प लाइए ।
रेखांकित शब्द का तत्सम रुप पहचानकर लिखिए । [ ]

(A) शत (B) सौत
(C) कोटि (D) हजार

4. गाँधीजी <u>अहिंसा</u> के पुजारी थे ।
रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानकर लिखिए । [ ]

(A) अ (B) अहिं
(C) सा (D) आ

5. भारतीय सैनिकों की <u>वीरता</u> अभिनंदनीय है ।
रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानकर लिखिए । [ ]

(A) वी (B) वीर
(C) रता (D) ता

6. <u>निर्धन</u> को सहारा चाहिए ।
रेखांकित शब्द का सन्धि विच्छेद कीजिए । [ ]

(A) निर + धन (B) निः + धन
(C) नि + धन (D) नीर + धन

7. दक्षिणी गंगा गोदावरी <u>सप्तसरिता</u> से ली गई है ।
रेखांकित शब्द का समास पहचानकर लिखिए । [ ]

(A) द्विगु (B) तत्पुरुष
(C) द्वन्द्व (D) अव्ययीभाव

8. हम सन् <u>2017</u> में परीक्षा लिखेंगे ।
रेखांकित संख्या का हिन्दी अक्षर रुप पहचानिए । [ ]

(A) दो सौ सत्रह (B) दो हजार सत्रह
(C) दो शून्य सत्रह (D) दो शून्य एक सात

9. कश्मीर की सुंदरता देखने लायक है ।
इस वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानिए । [ ]

(A) है (B) कश्मीर
(C) देखने (D) लायक

10. आप सब को हिन्दी सीखनी चाहिए ।
इस वाक्य में सर्वनाम पहचानकर लिखिए । [ ]

(A) हिन्दी (B) चाहिए
(C) सीखनी (D) आप

11. धनी बाप का बेटा आलसी है ।
इस वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए । [ ]

(A) बाप (B) बेटा
(C) है (D) आलसी

12. अनेक प्रकार की किताबें पढ़ना अच्छी बात है ।
इस वाक्य में क्रिया शब्द पहचानिए । [ ]

(A) किताबें (B) पढ़ना
(C) बात (D) अनेक

13. अमीना गेहूँ की रोटियाँ प्रतिदिन बनाती थी ।
इस वाक्य में क्रिया-विशेषण शब्द पहचानिए । [ ]

(A) प्रतिदिन (B) अमीना
(C) रोटियाँ (D) गेहूँ

14. मुमताज <u>बेगम</u> शाहजहाँ की पत्नी थी ।
रेखांकित शब्द का लिंग बदलिए । [ ]

(A) बेगम साहब (B) बेगमी
(C) बादशाह (D) नादिरशा

D

15. कलाम जी की बात सब लोग सुनते है ।
इस वाक्य का बहुवचनरुपी वाक्य पहचानिए । [ ]
(A) कलाम जी की बातें सब लोग सुनते है ।
(B) कलाम जी को बातें सब लोग सुनते हैं ।
(C) कलाम जी के बातें सब लोग सुनते हैं ।
(D) कलाम जी की बातें सब लोग सुनाते हैं ।

16. यह आदिवासी ....... संगीत है ।
सही कारक चिह्न से पूर्ति कीजिए । [ ]
(A) का (B) में
(C) की (D) को

17. शुद्ध रुप पहचानिए । [ ]
(A) वह हर रोज़ अख़बार पढ़ता हो । (B) वह हर रोज़ अख़बार पढ़ता हूँ ।
(C) वह हर रोज़ अखबार पढते हो । (D) वह हर रोज़ अखबार पढ़ता है ।

18. सही क्रम का वाक्य पहचानिए । [ ]
(A) मैं अंतरिक्ष के सपने देखती थी । (B) मैं सपने देखती थी अंतरिक्ष के ।
(C) सपने मैं देखती थी अंतरिक्ष के । (D) देखती थी सपने मैं के अंतरिक्ष ।

19. हामिद ने रोटी खायी ।
इस वाक्य में काल पहचानिए । [ ]
(A) भविष्यत्काल (B) वर्तमानकाल
(C) भूतकाल (D) संभाव्य भविष्यत्काल

20. पेशवा की <u>आँखें खुलेंगी</u> ।
रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए । [ ]
(A) आँखें पतराना । (B) आँखें चमकना ।
(C) होश में आना । (D) पुलकित हो जाना ।